# गजवा-ए-हिन्द नहीं चलेगा : सीएम योगी

## उत्सव में अराजकता करने वालों ने विकास में बाधा डाली तो विकास पहले उनके विनाश का कारण बन जाएगा

**दंगा करने वालों को जहन्नुम का टिकट दिया जाएगा**

**शून्य सहिष्णुता की नीति पर गद्दारों के प्रति हो रहा कार्य**



**बलरामपुर, 28 सितम्बर (वार्ता) उत्तर-प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि उत्सव में अराजकता करने वालों ने विकास में बाधा डाली तो विकास पहले उनके विनाश का कारण बन जायेगा.**

योगी ने भारत-नेपाल सीमावर्ती बलरामपुर जिले घुघरपुर में एक जनसभा को संबोधित करते कहा कि गजवा ए हिन्द का स्वप्न देखने वाले का मंसूबा भारत में कभी पूरा नहीं हो सकता, बल्कि ऐसे लोगों को जहन्नुम का टिकट थमा दिया जायेगा उन्होंने लोगों से अपील की कि वे भारत विरोधी, हिन्दू विरोधी गतिविधियों में लिप्त कालनेमियों से सतर्क रहें और इनकी जानकारी प्रशासन से साझा करें द्य अपराध और अपराधियों और गद्दारों के प्रति सरकार शून्य सहिष्णुता की नीति पर कार्य कर रही हैं द्य उन्होंने कहा कि आस्था चौराहे पर प्रस्तुत करने का नहीं अंत:करण का विषय ह "अराजकता फैलाने वाले बच्चों के हाथों में आई लव मोहम्मद की तख्ती, पोस्टर थमाकर प्रदर्शन कराकर उनकी जिन्दगी बर्बाद कर रहे हैं . दंगा और अराजकता करने वालों को बिना मांगे जहन्नुम का टिकट थमा दिया जायेगा उप्र के भ्रष्ट सरकारों से मिलकर पहचान मिटाने और बीमारू राज्य बनाने वाले ही माहौल बिगाड़ने का काम कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि ड्रोन और चोरी की अफवाह तथा भय फैलाने का अनावश्यक कार्य करने वालों पर गैंगेस्टर लगेगा.

> योगी ने कहा कि बलरामपुर जिले को 825 करोड़ की परियोजनाओं से आच्छादित कर आकाक्षा से परिपूर्ण जिला बनाया जा रहा है. पिछली सरकार वन डिस्ट्रिक्ट वन माफिया देती थी लेकिन भाजपा सरकार ने वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कॉलेज दे रही है. उन्होंने घोषणा की की बलरामपुर को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के नाम पर मेडिकल कॉलेज मिलेगा. इस दौरान उन्होंने निर्माणाधीन मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय का निरीक्षण किया द्य उन्होंने कहा कि बलरामपुर डबल इंजन की सरकार में विकास को लेकर अपनी नई पहचान बना रहा हैं उन्होंने मंच से सड़क कनेक्टिविटी संग एयर कनेक्टिविटी के लिये सरकार की विकास योजनाओं को गिनाया.

### ट्रम्प ने पोर्टलैंड में सैनिकों की तैनाती का दिया आदेश

**वाशिंगटन, 28 सितंबर.** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शनिवार को ओरेगन राज्य के पोर्टलैंड में घरेलू आतंकवादियों से निपटने के लिए सैनिकों की तैनाती का आदेश दिया।

ट्रम्प ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, मैं रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ को युद्धग्रस्त पोर्टलैंड और घेराबंदी में फंसे हमारे किसी भी आव्रजन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन (आईसीई) केंद्र को एंटीफा और अन्य घरेलू आतंकवादियों के हमले से बचाने के लिए सभी आवश्यक सैनिक उपलब्ध कराने का निर्देश दे रहा हूँ। पोर्टलैंड के मेयर कीथ विल्सन ने सितंबर की शुरुआत में एक बयान में कहा था कि देश भर के अन्य मेयरों की तरह उन्होंने संघीय हस्तक्षेप का न तो अनुरोध किया था और न ही उन्हें इसकी आवश्यकता थी।

## पाक में 17 आतंकवादी मारे गए



**इस्लामाबाद, 28 सितंबर.** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सुरक्षा बलों के एक अभियान के दौरान 17 आतंकवादी मारे गए है. सेना ने शनिवार को यह जानकारी दी. पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा, इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने एक बयान में कहा कि यह अभियान प्रांत के लक्की मरवत जिले में आतंकवादियों की कथित मौजूदगी के बाद चलाया गया. बयान में कहा गया है कि आतंकवादियों के ठिकाने से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किया गया एवं इलाके से आतंकवादियों की मौजूदगी को खत्म करने के लिए क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है. सेना ने कहा कि पाकिस्तान के सुरक्षा बल देश से आतंकवाद के खतरे को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध हैं.

## भाजपा-आरएसएस के निशाने पर लद्दाख

**लद्दाख को लेकर राहुल गांधी का बयान**



**नई दिल्ली, 28 सितंबर. लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भाजपा और आरएसएस पर हमला करते हुए रविवार को कहा कि लद्दाख के लोग, परंपरा और संस्कृति इनके निशाने पर हैं.**

कांग्रेस नेता ने प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा में चार लोगों के मारे जाने को हत्या करार देते हुए कहा कि सोच समझकर लद्दाख की संस्कृति, परंपरा और वहां के लोगों की हत्या की जा रही है. उन्होंने कहा कि लोगों की आवाज दबाई जा रही है इसलिए ही सोनम वांग्चुक को गिरफ्तार करके जेल भेजा गया है. गांधी ने कहा कि लद्दाख के अद्भुत लोग, संस्कृति और परंपराएं भाजपा और आरएसएस के निशाने पर हैं. लद्दाखियों ने आवाज उठाई. भाजपा ने जवाब में चार युवकों की हत्या कर दी और सोनम वांग्चुक को जेल में डाल दिया.

> वहीं अधिकारियों ने बताया कि हिंसा प्रभावित लेह में रविवार को लगातार पांचवें दिन कर्फ्यू लागू रहा. उपराज्यपाल कविंदर गुप्ता प्रतिबंधों में ढील देने पर फैसला लेने के लिए सुरक्षा समीक्षा बैठक करने वाले हैं. राज्य का दर्जा और लद्दाख में छठी अनुसूची के विस्तार के मुद्दे पर केंद्र के साथ बातचीत को आगे बढ़ाने के लिए लेह एपेक्स बॉडी द्वारा बुलाए गए बंद के दौरान बुधवार को प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों के बीच हिंसक झड़प हुई थी.

### ईरान पर संयुक्त राष्ट्र के 6 प्रतिबंध फिर से लागू

**वाशिंगटन, 28 सितंबर.** ईरान पर संयुक्त राष्ट्र के छह प्रतिबंध दस वर्षों के बाद रविवार आधी रात फिर से लागू हो जाएंगे. अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने एक्स पर लिखी एक पोस्ट में कहा, संयुक्त राष्ट्र के छह प्रस्तावों को फिर से सक्रिय कर दिया गया है, जो ईरान के परमाणु संवर्धन पर प्रतिबंध लगाते हैं. उल्लेखनीय है कि फ्रांस, ब्रिटेन और जर्मनी ने ईरान पर अपने परमाणु कार्यक्रमों का लगातार विस्तार करने और सहयोग न करने का आरोप लगाते हुए 2015 के परमाणु समझौते के स्नैपबैक मैकेनिज्म को फिर से सक्रिय कर दिया है.

## कांगो में इबोला प्रकोप से 42 लोगों की मौत

**किंशासा, 28 सितंबर. कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (डीआरसी) के कसाई प्रांत में इबोला विषाणु संक्रमण के कारण 64 दर्ज मामलों में से 42 लोगों की मौत हो गयी है.**

स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों में शनिवार को इसकी जानकारी दी. इसे देखते हुए संयुक्त राष्ट्र (यूएन) ने वैश्विक स्तर पर रोकथाम का आह्वान किया है. स्थानीय मीडिया के अनुसार प्रांतीय संचार एवं मीडिया मंत्री बाज़नि पेम्बे ने कहा कि 26 सितंबर को दर्ज हुए 64 मामलों (जिनमें 53 पुष्ट और 11 संभावित मामले हैं) में से 42 लोगों की मौत हो गयी है.



> इन 42 में से 31 पुष्ट मामले हैं. कांगो सरकार ने चार सितंबर को इसे प्रकोप घोषित कर दिया था, जो देश का 16वां इबोला प्रकोप है. 1976 में पहली बार कांगों में इस विषाणु का पता चला था. संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) ने कहा कि कसाई क्षेत्र देश के सबसे नाजुक क्षेत्रों में से एक है, जो कमजोर स्वास्थ्य प्रणाली, सुरक्षित पानी तक सीमित पहुंच, दवाओं की कमी और गंदगी का सामना कर रहा है. कांगो में यूनिसेफ के प्रतिनिधि जॉन एगबोर ने एक बयान में कहा कि इस तरह के प्रकोप हमें यह भी याद दिलाते हैं कि वैश्विक तैयारी और तत्काल प्रतिक्रिया कितनी महत्वपूर्ण है.

### बीस लाख की स्मैक के साथ आरोपी गिरफ्तार

**बहराइच, 28 सितंबर.** उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में मिशन शक्ति टीम तथा एसएसबी ने रविवार को 18 ग्राम स्मैक के साथ मोहम्मद रईश नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया. पकड़ी गई स्मैक की बाजार में कीमत लगभग 20 लाख रूपये बताई जा रही है. महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह के निर्देश पर यह कार्रवाई की गयी. उन्होंने महिला सशक्तिकरण अभियान और मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाने की योजना बनाई है.

### एक नजर में



### युवराज-धवन और रैना की संपत्ति होगी जब्त

नई दिल्ली. टीम इंडिया के पूर्व स्टार क्रिकेटर्स की मुसीबतें लगातार बढ़ रही हैं. ऑनलाइन बेटिंग और गेमिंग प्लेटफॉर्म ऐप के प्रमोशन से जुड़े मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच का सामना कर रहे दिग्गज क्रिकेटर युवराज सिंह, शिखर धवन, सुरेश रैना और रॉबिन उथप्पा की लाखों-करोड़ों की संपत्ति जब्त होने जा रही है. ईडी इस ऑनलाइन बेटिंग ऐप में मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले की जांच कर रही है, जिसमें इन दिग्गज क्रिकेटर्स से पूछताछ हो चुकी है और अब जल्द ही इन सितारों की संपत्तियां जब्त होने जा रही हैं. ऑनलाइन बेटिंग और गेमिंग प्लेटफॉर्म ऐप से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में ईडी पिछले काफी वक्त से जांच कर रही है. इस ऐप के प्रमोशन में दिग्गज भारतीय खिलाड़ियों के अलावा फिल्म स्टार्स भी शामिल थे. इस प्रमोशन के बदले बेटिंग ऐप की तरफ से इन सभी को एंडोर्समेंट फीस दी गई थी, लेकिन अब ईडी ने अपनी जांच में पाया है कि एंडोर्समेंट फीस से खरीदी गई संपत्ति 'प्रोसीड्स ऑफ क्राइम' यानि 'अपराध से हुई कमाई' का हिस्सा हैं. ईडी की जांच के मुताबिक, इस ऐप के प्रमोशन से इन खिलाड़ियों को करोड़ों को कमाई हुई, जिससे ये संपत्तियां खरीदी गई हैं. साथ ही ईडी का मानना है कि कुछ सपत्तियां विदेशों में भी हो सकती हैं. ऐसे में इन सभी क्रिकेटर्स को अब करोड़ों का झटका लगने वाला है. हालांकि ये साफ नहीं है कि क्या विदेशों में भी संपत्तियां जब्त करने के लिए कोई कदम उठाएगी या नहीं. साथ ही किस क्रिकेटर ने देश के अंदर कितनी संपत्ति इस ऐप के प्रमोशन की एंडोर्समेंट फीस से खरीदी है.

### ऊना के एसडीएम पर यौन शोषण का आरोप

**ऊना, 28 सितंबर.** एसडीएम विश्व मोहन देव चौहान पर सरकारी कार्यालय में तैनात महिला कर्मचारी व राष्ट्रीय खिलाड़ी ने शादी का झांसा देकर यौन शोषण और ब्लैकमेल करने का गंभीर आरोप लगाया है. युवती का आरोप है कि एसडीएम ने न सिर्फ जबरदस्ती की बल्कि आपत्तिजनक वीडियो भी बना लिया. बो बाद एसडीएम गायब हैं. पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है. इस बीच, फोरेंसिक टीम ने भी पीडब्ल्यूडी के रेस्ट हाउस में पहुंचकर कमरा नंबर 104 से साक्ष्य जुटाए हैं. आरोपी वर्ष 2017 का एचएएस टॉपर है. युवती ने पुलिस को बताया कि वह एम फार्मा की छात्रा और राष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी है. एसडीएम ने उसे खेलों को बढ़ावा देने के बहाने कार्यालय बुलाया. 10 अगस्त को कोर्ट रूम दिखाने के बहाने जबरन यौन शोषण किया. विरोध पर शादी का वादा किया, मगर बाद में साफ कह दिया कि उसकी सगाई हो चुकी है. युवती का आरोप है कि आरोपी ने आपत्तिजनक वीडियो दिखाकर लगातार दबाव बनाया और कहा कि वह यहां का शासक है. 20 अगस्त को रेस्ट हाउस बुलाकर फिर धमकाया, जबकि 27 अगस्त को अपने आवास से धक्के मारकर निकाल दिया. ब्लैकमेल और पीछा करने से परेशान होकर उसने महिला आयोग समेत पुलिस में शिकायत दर्ज कराई. पुलिस ने बताया कि एसडीएम के खिलाफ शादी का झांसा देकर यौन शोषण, ब्लैकमेल और धमकाने का मामला दर्ज कर लिया गया है. आरोपी की तलाश की जा रही है.

### मतदाता सूची में हेराफेरी के खिलाफ पांच करोड़ लोगों से दस्तखत करवाएंगे : वेणुगोपाल


**नई दिल्ली 29 सितंबर.** कांग्रेस ने कहा है कि वोट चोरी के खिलाफ पार्टी का देश भर में हस्ताक्षर अभियान चल रहा है और इसके तहत पांच करोड़ लोगों से हस्ताक्षर करवाए जाएंगे. कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने इस अभियान में शामिल होते हुए रविवार को कहा कि बड़े पैमाने पर वोट चोरी और मतदाता सूची में हेराफेरी हो रही है और इसने हमारे गणतंत्र की बुनियाद में लोगों के विश्वास को हिलाकर रख दिया है. वोट चोरी महज अपराध भर नहीं है, बल्कि यह हमारे संविधान पर एक बड़े हमले का हिस्सा है, यह हमारी अर्थव्यवस्था को कमज़ोर कर रहा है, सामाजिक अन्याय फैला रहा है और देश की अखंडता के लिए ख़तरा बन गया है. उन्होंने कहा, हमारे राष्ट्रव्यापी वोट चोर, गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान और घर-घर प्रचार अभियान के तहत, मैं आज केरल के अलप्पुझा स्थित अपने वार्ड कैथवना में इस आंदोलन में शामिल हुआ. पूरे भारत में, कांग्रेस लोकतंत्र पर इस ज़बरदस्त हमले के ख़िलाफ़ पांच करोड़ हस्ताक्षर एकत्र करेगी. कांग्रेस नेता ने कहा कि यह एक जन आंदोलन के रूप में तेज़ी से गति पकड़ रहा है और उनकी पार्टी लोकतंत्र में विश्वास रखने वाले प्रत्येक नागरिक से संविधान की रक्षा और भारत की आत्मा को बचाने के इस संघर्ष में शामिल होने का आह्वान करती है.

### चंगाई सभा के नाम पर धर्मांतरण का खुलासा, आरोपी मलखान गिरफ्तार

**लखनऊ 28 सितंबर.** उत्तर प्रदेश में लखनऊ पुलिस ने रविवार को धर्मांतरण कराने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया. आरोपी अपने खेत में बने हॉलनुमा मकान में चंगाई सभा आयोजित करता था. यहां बीमारियों को ठीक करने और पैसों सहित तरह-तरह के प्रलोभन देकर भोले-भाले अनुसूचित जाति की महिलाओं और बच्चों को ईसाई धर्म अपनाने के लिए प्रेरित करता था. पुलिस ने उसके पास से ईसाई धर्म से संबंधित कई पुस्तकें और अन्य सामग्री भी बरामद की है. पुलिस उपायुक्त निपुण अग्रवाल ने बताया कि आरोपी की पहचान चख्तीरी खेड़ा मजरा मेहंदौली निवासी मलखान के रूप में हुई है.

## अमित शाह ने लता मंगेशकर की आवाज को भारत की पहचान बताया

**नई दिल्ली, 28 सितंबर. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने महान गायिका लता मंगेशकर की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और भारतीय संगीत और संस्कृति में उनके अतुल्य योगदान को याद किया.**



शाह ने सोशल मीडिया पर कहा,मैं लता मंगेशकर जी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं. लाखों भारतीयों की प्रिय संगीत आइकन जिन्होंने अपनी आवाज के माध्यम से भारतीय संगीत को एक नई पहचान दी. गृह मंत्री ने इस अवसर पर लता मंगेशकर के साथ अपनी तस्वीरें साझा करते हुए उनसे व्यक्तिगत बातचीत को याद किया, लता दीदी की आवाज में एक सरलता, स्थिरता और एक भावपूर्ण गुण था जो हर श्रोता को मंत्रमुग्ध कर देता था. मुझे जब भी उनसे मिलने का अवसर मिलता हम संगीत और कला पर लंबी बातचीत करते. शाह ने उनकी अद्वितीय बहुमुखी प्रतिभा पर प्रकाश डालते हुए विभिन्न भाषाओं और बोलियों में भारतीय संगीत को समृद्ध करने के लिए उनकी प्रशंसा की.

## गौ-संरक्षण के लिए उठाए ठोस कदम

**सीएम भजनलाल ने किया गौ आराधन महोत्सव को संबोधित**

**डीग, 28 सितंबर. राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सनातन संस्कृति में गौ माता का विशेष महत्व बताया.**

गाय को देवत्व का प्रतीक माना गया है और हमारी सरकार ने गौ संरक्षण और संवर्धन की दिशा में अभूतपूर्व कदम उठाते हुए पंजीकृत गौशाला के लिए मिलने वाले अनुदान को बढ़ाकर 50 रुपये प्रति गाय प्रतिदिन और छोटे बछड़ों के लिए 25 रुपये प्रतिदिन किया है. शर्मा रविवार को डीग जिले के गुहाना स्थित गौ-धाम में आयोजित श्रीकृष्ण बलराम गौ-आराधन महोत्सव को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने बजट वर्ष 2025-26 में प्रदेश के लघु एवं सीमान्त किसानों को बैलों से खेती करने पर प्रोत्साहन राशि के रूप में 30 हजार रुपये प्रतिवर्ष देने का प्रावधान किया है. उन्होंने आह्वान किया कि सभी को संस्कृति के संरक्षण एवं गौ माता की सेवा का संकल्प लेना चाहिए. राज्य सरकार समृद्ध सनातन संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए हरसंभव कदम उठाने के लिए तत्पर है.

> मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के संकल्प से पूरे देश में सनातन संस्कृति का उत्थान हो रहा है. अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर तथा महाकाल कॉरिडोर का निर्माण हमारी विरासत को मजबूत कर रहे हैं. इसी दिशा में राज्य सरकार ने खाटूश्यामजी मंदिर, पूंछरी का लौठा सहित प्रमुख धार्मिक स्थलों के विकास के लिए बजट में प्रावधान किए हैं. साथ ही हमारी सरकार भगवान कृष्ण के जीवन से जुड़े स्थलों को श्रीकृष्ण गमन पथ के रूप में विकसित कर रही है. शर्मा ने हमारी संस्कृति को आगे बढ़ाने में संतों-महंतों का विशेष महत्व बताते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत् भगवान श्रीकृष्ण का साक्षात स्वरूप है तथा हमारे जीवन के लिए मार्गदर्शक है. इसके दर्शन मात्र से जीवन में सुख, शांति और संतोष प्राप्त होता है.



## क्षमा में वसुधैव कुटुम्बकम का संदेश : साय

**रायपुर, 28 सितंबर. छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रविवार को रायपुर में दिगम्बर जैन समाज द्वारा आयोजित मैत्री महोत्सव में कहा कि भगवान महावीर स्वामी ने 'जियो और जीने दो' का संदेश दिया.**



हाल ही में मनाए गए क्षमादान पर्व का सार यही है कि 'उत्तम क्षमा, सबसे क्षमा और सबको क्षमा'— यही बड़प्पन है तथा यही वसुधैव कुटुम्बकम का वास्तविक संदेश है. जैन धर्म ने इस भावना को सबसे सुंदर और गहन रूप में प्रस्तुत किया है. साय ने मंच पर पूज्य आर्यिकारत्न 105 अंतर्मति माताजी ससंघ को श्रीफल भेंटकर आशीर्वाद प्राप्त किया. कार्यक्रम में जैन समाज की पारंपरिक पगड़ी और गमछा पहनाकर मुख्यमंत्री का सम्मान किया गया. इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया तथा आचार्य विद्यासागर कल्याण सेवा संस्था के लोगो का विमोचन भी किया. साय ने कहा कि मैत्री महोत्सव केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि आत्मिक जागृति और शुद्धिकरण का पावन अवसर है. भारत की पुण्यभूमि केवल सभ्यता और संस्कृति की जननी ही नहीं, बल्कि आध्यात्मिकता की जीवंत प्रयोगशाला भी रही है.

> मुख्यमंत्री ने कहा कि अहिंसा, अपरिग्रह और अनेकांत के सिद्धांत समरस समाज की आधारशिला हैं. मैं पूज्य आचार्य विद्यासागर जी महाराज के पावन स्मरण और पूज्य आर्यिकार अंतर्मति माताजी ससंघ के मंगल सान्निध्य में उन सभी संतों को नमन करता हूँ, जिन्होंने अपने संयम, तप व साधना से समाज को दिशा दी है. विद्यासागर का जीवन-दर्शन हम सबके लिए प्रेरणास्रोत है. उन्होंने सिखाया कि सच्चा धर्म त्याग, सेवा और आत्मसंयम में है. छत्तीसगढ़ का सौभाग्य है कि आचार्य जी ने कठोर साधना के अनेक वर्ष यहां व्यतीत किए और चंद्रगिरी तीर्थ पर समाधि ली.

### आज का इतिहास

1650- इंग्लैंड में पहले मैरिज ब्यूरो की शुरुआत हुई।

1789- अमेरिका के युद्ध विभाग ने स्थायी सेना स्थापित

1836- मद्रास चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की स्थापना

1911- इटली ने ऑटोमन साम्राज्य के खिलाफ़ युद्ध की घोषणा की।

1915- टेलीफोन से पहला अंतरमहाद्वीपीय संदेश भेजा गया।

1927- अमेरिका और मैक्सिको के बीच टेलीफोन सेवा की शुरुआत हुई।

1928- भारत के पहले राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बृजेश



### उपराष्ट्रपति का पटना में स्वागत

**पटना, 28 सितंबर.** उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन का रविवार को पटना हवाई अड्डे पर बिहार के राज्यपाल आरिफ मो. खान ने स्वागत किया.

**जयंती** | **आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक ने दी श्रद्धांजलि**

## केजरीवाल ने भगत सिंह के योगदान को किया याद

**नई दिल्ली, 28 सितंबर. शहीद-ए-आज़म भगत सिंह की जयंती पर, दिल्ली के आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके देशभक्ति के जज़्बे को याद करते हुए देशवासियों से उनके सपनों का भारत बनाने का संकल्प लिया.**



केजरीवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के जरिए एक संदेश साझा किया, जिसमें उन्होंने भगत सिंह के योगदान को याद करते हुए राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानने की बात की. दिल्ली के आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने आज शहीद-ए-आज़म भगत सिंह की जयंती के मौके पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए देशभक्ति और बलिदान के आदर्शों को याद किया. उन्होंने कहा कि भगत सिंह की वीरता, त्याग और राष्ट्रीय हित के प्रति समर्पण हमें अपने कर्तव्यों को निभाने के लिए प्रेरित करता है. अरविंद केजरीवाल ने अपने संदेश में कहा, भगत सिंह की बहादुरी, त्याग और देशभक्ति हमें हमेशा याद दिलाती है कि राष्ट्रहित को कभी भी व्यक्तिगत हित से ऊपर रखना चाहिए. उनका बलिदान हमें यह सिखाता है कि हमें हमेशा अपने कर्तव्यों को निभाते हुए अपने देश के लिए काम करना चाहिए.

> अरविंद केजरीवाल ने यह भी कहा कि आज़ादी के आंदोलन के इन नायक की शहादत हमें यह सिखाती है कि किसी भी समाज की वास्तविक शक्ति उसके नागरिकों के बीच एकता और संघर्ष की भावना में निहित होती है. हमें अपने देश की ताकत को समझते हुए उसका सही दिशा में उपयोग करना चाहिए. केजरीवाल ने अंत में जय हिंद का उद्घोष करते हुए सभी देशवासियों से अपील की कि वे भगत सिंह के सपनों के भारत को साकार करने के लिए अपने कर्तव्यों को निभाएं और अपने देश को आगे बढ़ाने में योगदान दें. आज के दिन, जहां हम भगत सिंह जैसे महान नायक को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं, यह हमें यह भी याद दिलाता है कि हर नागरिक का कर्तव्य है कि वे अपने देश के लिए योगदान दें, चाहे वह किसी भी रूप में हो.

## देश-दुनिया के लिए खतरा है पाकिस्तान : एस जयशंकर

**न्यूयार्क 28 सितंबर. संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पाकिस्तान को वैश्विक आतंकवाद का केंद्र बताया. अपने संबोधन में, जयशंकर ने स्पष्ट किया कि पाकिस्तान और आतंकवाद एक ही सिक्के के दो पहलू हैं.**



उन्होंने कहा कि भारत अपनी आजादी के बाद से ही इस चुनौती का सामना कर रहा है, क्योंकि उसका पड़ोसी देश दशकों से प्रमुख अंतरराष्ट्रीय आतंकवादी हमलों से जुड़ा रहा है. एस जयशंकर ने अप्रैल में हुए पहलगाम हमले का भी जिक्र किया, जहां निर्दोष पर्यटकों की हत्या की गई थी. उन्होंने जोर दिया कि भारत ने आतंकवाद के खिलाफ अपने लोगों की रक्षा करने और अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाने के अधिकार का प्रयोग किया है. विदेश मंत्री ने बताया कि आतंकवाद एक साझा खतरा है, जिसमें कट्टरता, हिंसा और असहिष्णुता शामिल है.